StudentBounty.com

# नमूने के प्रश्न–पत्र की योजना 2011 – 2012

कक्षा – XIIth

विषय – राजनीति विज्ञान  प्रश्न पत्र –

अवधि – 3 घण्टे 15 मिनट  पूर्णांक – 80 अंक

1. उद्देश्य हेतु अंकभार –

| क्र.सं. | उद्देश्य | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | ज्ञान | 21 | 26.25 |
| 2. | अवबोध अर्थग्रहण | 31 | 38.75 |
| 3. | ज्ञानोपयोग / अभिव्यक्ति | 20 | 25.00 |
| 4. | कौशल / मौलिकता | 8 | 10.00 |
| | | 80 | 100 |

2. प्रश्नों के प्रकारवार अंकभार –

| क्र. सं. | प्रश्नों का प्रकार | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रति प्रश्न | कुल अंक | प्रतिशत | संभावित समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वस्तुनिष्ठ / बहुविकल्पात्मक | – | – | – | – | – |
| 2. | अतिलघुत्तरात्मक | 9 | 1 | 9 | 11.25 | 14 |
| 3. | लघुत्तरात्मक – I | 8 | 2 | 16 | 20.00 | 32 |
| 4. | लघुत्तरात्मक – II | 10 | 4 | 40 | 50.00 | 80 |
| 5. | निबंधात्मक – I | 3 | 5 | 15 | 18.75 | 39 |
| | | 30 | | 80 | 100 | 165 मिनट |

विकल्प योजना : आन्तरिक प्रश्न–संख्या. 28,29,30  पुनरावलोकन :– 15 मिनट

3. विषय वस्तु का अंकभार –

| क्र.सं. | विषय वस्तु | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | विश्व राजनीति में शीत युद्ध का दौर | 6 | 7.5 |
| 2 | द्वितीय विश्व का विघटन तथा दो ध्रुवीयता का अम्ल | 6 | 7.5 |
| 3 | विश्व राजनीति में अमेरीकी वर्चस्व | 5 | 6.25 |
| 4 | आर्थिक एवं राजनीतिकसत्ता के वैकल्पिक केन्द्र | 4 | 5.00 |
| 5 | शीत युद्ध के अन्त के दौर में दक्षिण एशिया | 5 | 6.25 |
| 6 | एक ध्रुवीय विश्व में अन्तराष्ट्रीय संगठन | 4 | 5.00 |
| 7 | समकालीन विश्व में सुरक्षा | 3 | 3.75 |
| 8 | पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन | 3 | 3.75 |
| 9 | वैश्वीकरण एवं इसकी आलोचना | 4 | 5.00 |
| 10 | राष्ट्र निर्माण की चुनौतियाँ | 5 | 6.25 |
| 11 | एक दल के प्रभुत्व का दौर | 3 | 3.75 |
| 12 | नियोजित विकास की राजनीति | 5 | 6.25 |
| 13 | भारत के विदेश संबंध | 5 | 6.25 |
| 14 | कांग्रेस प्रणाली चुनौतियाँ और पुनर्स्थापना | 4 | 5.00 |
| 15 | संवैधानिक व्यवस्था का संकट | 5 | 6.25 |
| 16 | क्षेत्रीय आकांक्षाएँ एवं संघर्ष | 5 | 6.25 |
| 17 | नए जन आन्दोलन का उदय | 4 | 5.00 |
| 18 | भारतीय राजनीति में नए बदलाव | 4 | 5.00 |
| | योग | 80 | 100 |

StudentBounty.com

# प्रश्न–पत्र ब्ल्यू प्रिन्ट

कक्षा – **XII** | विषय :– राजनीति विज्ञान | पूर्णांक 80

| क्र. सं. | उद्देश्य इकाई / उप इकाई | ज्ञान | | | | अवबोध | | | | ज्ञानोपयोगी / अभिव्यक्ति | | | | कौशल / मौलिकता | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अति. लघु | लघु. | | निबं. | अति. लघु | लघु. | | निबं. | अति. लघु | लघु. | | निबं. | अति. लघु | लघु. | | निबं. | |
| | | | **SA1** | **SA2** | | | **SA1** | **SA2** | | | **SA1** | **SA2** | | | **SA1** | **SA2** | | |
| 1 | विश्व राजनीति में शीत युद्ध का दौर | | | 4(1) | | | 2(1) | | | | | | | | | | | 6(2) |
| 2 | द्वितीय विश्व का विघटन तथा दो ध्रुवीयता का अम्ल | | | | | 1(1) | | | 5(1)☆ | | | | | | | | | 6(2) |
| 3 | विश्व राजनीति में अमेरीकी वर्चस्व | 1(1) | | | | | | | | | | 4(1) | | | | | | 5(2) |
| 4 | आर्थिक एवं राजनीतिकसत्ता के वैकल्पिक केन्द्र | | | | | | 2(1) | | | | | | | | 2(1) | | | 4(2) |
| 5 | शीत युद्ध के अन्त के दौर में दक्षिण एशिया | | | | 5(1)☆ | | | | | | | | | | | | | 5(1) |
| 6 | एक ध्रुवीय विश्व में अन्तराष्ट्रीय संगठन | | | 4(1) | | | | | | | | | | | | | | 4(1) |
| 7 | समकालीन विश्व में सुरक्षा | 1(1) | | | | | | | | | 2(1) | | | | | | | 3(2) |
| 8 | पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन | 1(1) | | | | | | | | | 2(1) | | | | | | | 3(2) |
| 9 | वैश्वीकरण एवं इसकी आलोचना | | | | | | | 4(1) | | | | | | | | | | 4(1) |
| 10 | राष्ट्र निर्माण की चुनौतियाँ | | | | | | | | 5(1)☆ | | | | | | | | | 5(1) |
| 11 | एक दल के प्रभुत्व का दौर | | | | | 1(1) | 2(1) | | | | | | | | | | | 3(2) |
| 12 | नियोजित विकास की राजनीति | | | | | | | | | 1(1) | | | | | | 4(1) | | 5(2) |
| 13 | भारत के विदेश संबंध | 1(1) | | | | | | | | | 2(1) | | | | 2(1) | | | 5(3) |
| 14 | कांग्रेस प्रणाली चुनौतियाँ और पुनर्स्थापना | | | 4(1) | | | | | | | | | | | | | | 4(1) |
| 15 | संवैधानिक व्यवस्था का संकट | | | | | 1(1) | | | | | | 4(1) | | | | | | 5(2) |
| 16 | क्षेत्रीय आकांक्षाएँ एवं संघर्ष | | | | | | | | | 1(1) | | 4(1) | | | | | | 5(2) |
| 17 | नए जन आन्दोलन का उदय | | | | | | | 4(1) | | | | | | | | | | 4(1) |
| 18 | भारतीय राजनीति में नए बदलाव | | | | | | | 4(1) | | | | | | | | | | 4(1) |
| | योग | 4(4) | | 12(3) | 5(1) | 3(3) | 6(3) | 12(3) | 10(2) | 2(2) | 6(3) | 12(3) | | | 4(2) | 4(1) | | **80**(30) |
| | कुल योग | 21(8) | | | | 31(11) | | | | 20(8) | | | | 8(3) | | | | **80**(30) |

विकल्पों की योजना :– [illegible] द्योतक है।

हस्ताक्षर

StudentBounty.com

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## नमूने का प्रश्न–पत्र

कक्षा–12

विषय– राजनीति विज्ञान

अनुक्रमांक

अवधि– 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक 80 अंक

निर्देशः–

1 सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

2 प्रश्न सं. 1 से 9 तक 1 अंक का है इनकी उत्तर सीमा अधिकतम 20 शब्दों की होगी। प्रश्न सं. 10 से 17 तक 2 अंक का है इनकी उत्तर सीमा अधिकतम 40 शब्दों में होगी। प्रश्न सं. 18 से 27 तक 4 अंक का है इनकी उत्तर सीमा अधिकतम 100 शब्दों में होगी। प्रश्न सं. 28 से 30 तक 5 अंक का है इनकी उत्तर सीमा 150 शब्दों की होगी।

3 प्रश्न सं. 27 से 30 तक में आन्तरिक विकल्प है।

---

### खण्ड 'अ'

1 बर्लिन की दीवार किस बात की प्रतीक थी ? 1

2 " हाइवे ऑव डैथ" (मृत्यु का राजपथ) किस सड़क को कहा गया है ? 1

3 ताशकंद समझौता कब व किसके मध्य हुआ ? 1

4 प्रैस सेंसरशिप क्या है ? 1

5 एन.पी.टी. का पूरा नाम क्या है ? यह किस वर्ष में हुई ? 1

6 पृथ्वी सम्मेलन क्या है तथा यह कब हुआ ? 1

7 स्वतंत्रता के बाद भारत में एक पार्टी के प्रभुत्व का दौर क्यों रहा था ? 1

8 आन्ध्र प्रदेश के नैल्लोर जिले के ताड़ी आन्दोलन में महिलाओं ने क्या किया था ? 1

9 'केरल मॉडल' में 'नवलोकतत्रांत्मक पहल' नाम का अभियान कैसे चलाया गया था ? 1

StudentBounty.com

## खण्ड 'ब'

10 सुमेलित कीजिए: ½+½+½+½=2

| | नेता | दल |
|---|---|---|
| (क) | एस.ए.डांगे | 1 भारतीय जनसंघ |
| (ख) | श्यामा प्रसाद मुखर्जी | 2 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| (ग) | जवाहर लाल नेहरू | 3 प्रजा सोशलिस्ट पार्टी |
| (घ) | अशोक महेता | 4 भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी |

## खण्ड 'ब'

11 गुटनिरपेक्ष आंदोलन ने दो–ध्रुवीयता को कैसे चुनौती दी थी ? 2

12 यूरोपीय संघ पश्चिमी देशों के मध्य आर्थिक मामलों में एक मंच कैसे बना ? 2

13 भारत व चीन के मध्य अच्छे सम्बंध बनाने हेतु दो सुझाव दीजिए। 1+1 =2

14 शक्ति सन्तुलन को कैसे बनाए रखा जा सकता है ? 2

15 पर्यावरण आन्दोलन को परिभाषित कीजिए। 2

16 भारत द्वारा दलाई लामा को दी गई शरण का चीन ने विरोध क्यों किया ? 2

17 भारतीय विदेश नीति के संवैधानिक सिद्धान्तों को सूचीबद्ध कीजिए। ½+½+½+½ =2

## खण्ड 'स'

18 शीतयुद्ध क्या है ? व इसके प्रमुख कारण बताएं। 2+2 =4

19 दिये गये भारत के राजनैतिक रेखा मानचित्र में निम्नांकित को दर्शाइए। 1+1+ 1+1=4

(क) ऐसे दो राज्य जहाँ 1952–67 के दौरान कांग्रेस सत्ता में नहीं थी।

(ख) ऐसे दो राज्य जहाँ 1952–67 के दौरान कांग्रेस सत्ता में रही थी।

20 1971 के चुनाव के बाद किन कारणों से कांग्रेस की पुर्नस्थापना हुई ? 1+1+ 1+1=4

21 संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के 5 स्थाई सदस्यों के नाम बताइए तथा इनकी कार्यप्रणाली की कमियाँ बताइए। 2+2=4

22 वैश्वीकरण का प्रतिरोध क्यों हो रहा है ? प्रमुख कारण स्पष्ट कीजिए। 1+1+ 1+1=4

StudentBounty.com

23 भारतीय लोकतंत्र पर अपातकाल के कोई चार दुष्प्रभाव बताइए। 1

24 ‘नर्मदा बचाओ आन्दोलन’ के बारे में आप क्या जानते है?

25 निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए : 2+2=4

1 ऑपरेशन इराकी फ्रीडम।

2 ऑपरेशन एड्यूरिंग फ्रीडम।

26 भारत में गठबन्धन की राजनीति के प्रभाव समझाइए । 4

27 संविधान की धारा 370 क्या ह ? इस प्रावधान का विरोध क्यों हो रहा है ? 2+2=4

**खण्ड ‘द’**

28 दक्षेस (सार्क) क्या है ? दक्षिण एशिया की शांति व सहयोग में इसका क्या योगदान है ? 2+3=5

**अथवा**

भारत के नेपाल व श्रीलंका के साथ सम्बंधों की विवेचना कीजिए।

29 सोवियत संघ का विघटन क्यों हुआ ? इस विघटन के परिणाम बताइए। 2+3=5

**अथवा**

शॉक थेरेपी क्या है ? शॉक थेरेपी के परिणाम बताइए।

30 राज्य पुनर्गठन आयोग का क्या कार्य था ? इसकी प्रमुख सिफारिशों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए। 1+4=5

**अथवा**

भारत विभाजन में आने वाली कठिनाइयों की विवेचना कीजिए। 5

StudentBounty.com

## उत्तर तालिका

समय 3.15 घण्टे **कक्षा–XII विषय–राजनीति विज्ञान** M.M. 80

| प्र. स. | अपेक्षित उत्तर | अंक | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पूंजीवादी व साम्यवादी दुनिया के विभाजन का प्रतीक | 1 | 2 | 17–I |
| 2 | कुवैत और बसरा के बीच की सड़क | 1 | 3 | 33–I |
| 3 | सन् 1966 में भारत व पाकिस्तान के मध्य | 1 | 4 | 74–II |
| 4 | समाचार पत्रों में कुछ भी छापने से पहले शासन की अनुमति लेना जरूरी है। | 1 | 6 | 112–II |
| 5 | न्यूक्लियर नॉन प्रोलिफेरेशन ट्रीटी 1968 | 1 | 7 | 105–I |
| 6 | संयुक्त राष्ट्र संघ का पर्यावरण और विकास के मुद्दे पर केन्द्रित सम्मेलन, 1992 | 1 | 8 | 119–I |
| 7 | एक पार्टी (कांग्रेस पार्टी) की जड़े स्वाधीनता संग्राम में थी।<br>अथवा<br>यह पार्टी देश में चहु और फैल चुकी थी।<br>अथवा<br>इसका नेटवर्क स्थानीय स्तर तक पहुँच चुका था। | 1 | 2 | 36–II |
| 8 | उन्होने ताड़ी की बिक्री के खिलाफ दुकाने बंद कराई, प्रतिबन्ध सम्बंधी प्रस्ताव जिला कलेक्टर को भेजा। | 1 | 7 | 138–II |
| 9 | लोगो को स्वयं सेवी नागरिक संगठनों के माध्यम से विकास की गतिविधियों मे शामिल करके | 1 | 3 | 54–II |
| 10 | (क) एस. के डांगे –भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी<br>(ख) श्यामा प्रसाद मुखर्जी– भारतीय जनसंघ<br>(ग) जवाहर लाल नहेरू– भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस<br>(घ) अशोक मेहता–प्रजा सोशलिस्ट पार्टी | ½+½+<br>½+½<br>=2 | 2 | 34–II |
| 11 | निम्नलिखित में से कोई दो–<br>1 एशिया, अफ्रिका व लातिनी अमरीका के नव स्वतंत्र देशों को गुटों से अलग रहने का तीसरा विकल्प दिया।<br>2 शीतयुद्ध के प्रसार और इसके बढ़ते दायरे को सीमित करना।<br>3 महाशक्तियों के गुटों से अलग रहने की नीति द्वारा।<br>4 शांति व स्थिरता के लिए दोनों गुटो में मध्यस्थता। | 2 | 1 | 10–I |
| 12 | एक दूसरे देशों की मदद से 1949 में यूरोपीय परिषद , 1957 में यूरोपीय इकोनोमिक कम्यूनिटी के गठन से, 1992 में यूरोपीय संघ की स्थापना हुई। | 2 | 4 | 52–I |
| 13 | निम्नलिखित में से कोई दो–<br>1 ऐसे मसलो पर सहयोग हो जिनके कारण विवाद हैं | 1+1 | 4 | 61–I<br>व |

StudentBounty.com

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 2 नेता व अधिकारी दिल्ली व बीजिंग का दौरा करते रहे।<br>3 परिवहन और संचार मार्गो की बढ़ोतरी करके।<br>4 समस्त आर्थिक हितों पर सहयोग करके। अथवा अन्य उचित सूझाव | =2 | | |
| 14 | शक्ति संतुलन बनाए रखने के लिए सैन्य शक्ति को बढ़ाना एवं आर्थिक और प्रौद्यौगिक विकास महत्त्वपूर्ण है। | 2 | 7 | 102–I |
| 15 | पर्यावरण हानि की चुनोतियों से निबटने के लिए सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर किया जाने वाला आन्दोलन । | 2 | 8 | 126–I |
| 16 | चीन ने ' स्वायत्त तिब्बत क्षेत्र' बनाया है और इस इलाके को वह चीन का अभिन्न अंग मानता है | 2 | 4 | 69–II |
| 17 | 1 अन्तर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा की अभिवृद्धि का<br>2 राष्ट्रों के बीच न्यायसंगत और सम्मानपूर्ण संबंधों को बनाए रखने का<br>3 संगठित लोगों के एक–दूसरे से व्यवहारों में प्रति आदर बढाने का<br>4 अन्तर्राष्ट्रीय विवादों को मध्यस्थता द्वारा निपटारे के लिए प्रोत्साहन देने का प्रयास करेगा। | ½+½+½+½ =2 | 4 | 66–II |
| 18 | **शीत युद्ध**– उदारवादी लोकतंत्र तथा पूंजीवादी अमेरिका तथा समाजवादी साम्यवादी सोवियत संघ के मध्य सैन्य युद्ध न होकर गठबन्धन, शक्ति सन्तुलन के साथ–2 विचारधारा के स्तर पर भी एक वास्तविक संघर्ष<br>**शीतयुद्ध के कारण**–<br>1 अमेरिकाा, सोवियत संघ को एशिया तथा अन्य जगहों पर सैन्य और राजनीतिक लाभ उठाने से रोकना चाहता था।<br>2 अमेरिका व सोवियत संघ का महाशक्ति बनने की होड़<br>3 प्रत्यक्ष युद्ध दोनों के लिए विध्वंसक था। अथवा अन्य उचित कारण | 2+2= 4 | 1 | 3–I |
| 19 | (क) दो राज्य जहाँ कांग्रेस सत्ता में नही थी– जम्मू कश्मीर, केरल<br>(ख) दो राज्य जहाँ कांग्रेस सत्ता मे थी– पंजाब, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र आदि (कोई दो) | 1+1+1+1= 4 | 3 | 31–II |
| 20 | 1 कांग्रेस के पास एजेंडा एवं कार्यक्रम था।<br>2 गरीबी हटाओ के नारे से इन्दिरा गांधी ने आधार तैयार किया।<br>3 कांग्रेस प्रणाली के भीतर हर तनाव और संघर्ष को पचा लेने की क्षमता थी।<br>4 इन्दिरा गांधी की राजनीतिक हैसियत का अप्रत्याशित रूप से बढ़ना। अथवा अन्य उचित कारण | 1+1+1+1= 4 | 5 | 96 व 99–II |
| 21 | **स्थायी संदस्य**– 1 अमेरिका 2 फ्रांस 3 ब्रिटेन 4 रूस 5 चीन<br>**कमियाँ**–<br>1 सुरक्षा परिषद अब राजनीतिक वास्तविकताओं की नुमाइंदगी नही करती।<br>2 इसके फैसलों पर पश्चिमी मूल्यों और हितों की छाप होती है और इन फैसलों पर चंद देशों का दबदबा होता है।<br>3 सुरक्षा परिषद में बराबर का प्रतिनिधित्व नहीं है। अथवा अन्य उचित कमी | 2+2= 4 | 6 | 88–I |

StudentBounty.com

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 22 | 1 वैश्वीकरण विश्वव्यापी पूंजीवाद की खास अवस्था है जो धनिकों को और ज्यादा धनी और गरीबों को और ज्यादा गरीब बनाती है।<br>2 राजनीतिक अर्थ में राज्य के कमजोर होने की चिंता है।<br>3 सांस्कृतिक स्तर पर परम्परागत संस्कृति की हानि हो रही है।<br>4 वैश्वीकरण साम्राज्यवाद का नया रूप है। अथवा अन्य उचित कारण | 1+1+ 1+1= 4 | 9 | |
| 23 | 1 सत्ता का दुरूपयोग हुआ।<br>2 राजनीतिक कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी।<br>3 प्रेस पर पाबन्दी।<br>4 लोगों पर बुरा असर पड़ा।<br>5 जनसंख्या नियंत्रण की अनिवार्यता की मजबूरी। अथवा अन्य उचित दुष्प्रभाव | 1+1+ 1+1= 4 | 6 | 115–II व 117 |
| 24 | 1 मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र से गुजरने वाली नर्मदा नदी पर बांधों का निर्माण<br>2 30 बड़े, 135 मझोले और 300 छोटे बांध<br>3 नर्मदा नदी के बचाव में यह आन्दोलन आया ।<br>4 देश में चल रही विकास की अन्य परियोजनाओं पर भी सवाल।<br>5 विकास के मॉडल और उसके सार्वजनिक औचित्य पर सवाल । अथवा अन्य उचित तथ्य | 4 | 7 | 140–II |
| 25 | 1 19 मार्च 2003 को अमेरिका द्वारा कूटनाम से इराक पर सैन्य हमला, 40 से ज्यादा देश शामिल, संयुक्त राष्ट्र की अनुमति के बिना, सामूहिक संहार के हथियार रोकने का बहाना।<br>2 9/11 के जवाब में अमरीका द्वारा आतंकवाद के विरूद्ध विश्वव्यापी युद्ध के अंग के रूप में अमरीका ने कूटनाम से अभियान चलाया, निशाना अल कायदा, अफगानिस्तान पर तालिबान शासन रहा। | 2+2= 4 | 3 | 36व 37–I |
| 26 | – नब्बे के दशक के बाद कुछ ताकतवर पार्टियों व आन्दोलनों का उभार।<br>– दलित व पिछड़े वर्ग की नुमाइंदगी।<br>– क्षेत्रीय आकांक्षाओं की दावेदारी।<br>– राजनीतिक समीकरण बार–बार बदल रहे थे।<br>– कांग्रेस को सत्ता से बाहर रखने का प्रयास। अथवा अन्य उचित प्रभाव | 4 | 9 | 177–II |
| 27 | **धारा 370–** भारतीय संविधान में धारा–370 के तहत जम्मू व कश्मीर को विशेष दर्जा दिया गया है। इसमे भारत के अन्य राज्यों के मुकाबले ज्यादा स्वायत्ता दी गई है।<br><br>**विरोध क्यों –**<br>– धारा 370 के कारण यह राज्य भारत से पूरी तरह नहीं जुड़ पाया है।<br>– कुछ लोग कहते हैं कि मात्र स्वायत्तता पर्याप्त नहीं है।<br>– भारत के अन्य राज्यों में संस्थागत लोकतांत्रिक बर्ताव जम्मू–कश्मीर में नहीं होता। | 2+2= 4 | 8 | 155–II<br><br>155 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28 | सार्क (दक्षेस)–<br>सार्क का दक्षिण एशिया की शांति व सहयोग में योगदान।<br>अथवा<br>भारत व नेपाल सम्बंध<br>भारत व श्रीलंका संबंध | 2+3=<br>5<br><br>2+3=<br>5 | 5<br><br><br>5 | [illegible]<br><br><br>75–76–I |
| 29 | सोवियत संघ के विघटन के कारण<br>सोवियत संघ के विघटन के परिणाम<br>अथवा<br>शॉक थेरेपी क्या है<br>शॉक थेरेपी के परिणाम | 2+3=<br>5<br><br>2+3=<br>5 | 2<br><br><br>2 | 20,21,<br>23 व 24–I<br><br>24–26–I |
| 30 | राज्य पुनगर्ठन आयोग का कार्य<br>राज्य पुनगर्ठन आयोग की प्रमुख सिफारिशें<br>अथवा<br>भारत विभाजन में आने वाली कठिनाईयां | 1+4=<br>5<br><br>5 | 1<br><br><br>1 | 19,21,22व<br>23–II<br><br>8,9,10व<br>14–II |

StudentBounty.com